## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रचना अनुसार नगर की पांचों बस्तियों में हिंदू सम्मेलन



**महिदपुर।** शनिवार को स्थानीय राजपूत बोर्डिंग धर्मशाला में नगर की केशव बस्ती का हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में जन समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता साध्वी हेमलता दीदी सरकार ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि हिमालय से लेकर हिंद महासागर की बीच पवित्र भारत भूमि में रहने वाला प्रत्येक भारतीय हिंदू है। साध्वी हेमलता ने सामाजिक एकता एवं समरसता, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, लव जेहाद जैसे ज्वलंत विषयों पर सारगर्भित प्रकाश डाला। साथ ही मालवा प्रांत के कुटुंब प्रबोधन सह संयोजक विपिन आर्य ने भी संबोधित किया। आर्य ने उपस्थित समाज बंधुओं से स्वदेशी अभियान को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि जीवन में भाषा, भूषा, भोजन, भजन, भवन और भ्रमण यह सब अपने होने चाहिए। कार्यक्रम को विश्व हिंदू परिषद ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नूतन मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश ठाकुर थे। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती की गई। संचालन एडवोकेट नारायणसिंह डोडिया ने किया एवं आभार डॉ. राजेश मेहता ने माना। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन रखा गया।

रविवार को माधव बस्ती अंतर्गत स्थानीय रामलीला मैदान में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मंचासीन महंत अवधेशदास महाराज निर्मोही अखाड़ा, धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, किरण दीदी महिदपुर, प्रताप जोशी, मनोज प्रजापत ने गौ माता का पूजन के बाद शुभारंभ हुआ।

संचालन बस्ती सह प्रमुख महेश जोशी ने किया तथा आभार बंटी सकलेचा ने माना। कार्यक्रम भारत माता की आरती के बाद सहभोज हुआ जिसमें बस्ती के समस्त सनातनी हिंदू ने भाग लिया।

इसी प्रकार रविवार को ही शिवाजी बस्ती अंतर्गत देवीजी मंदिर रोड हाईस्कूल मैदान मे आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में गौ माता एवं भारत माता का पूजन से शुभारंभ हुआ। मंचासीन शुभम महाराज पीठाधीश्वर उज्जैन, जयप्रकाश सरिया, नूतन मिश्रा, सुधीर मुणत थे। कार्यक्रम में बस्ती की कन्याओं द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के संघर्षों पर प्रासंगिक सारगर्भित कहानी पर एकांकी प्रस्तुत की गई। संचालन महाविद्यालय पूर्व प्राचार्य योगेंद्र मुखिया ने किया। सभी बस्ती में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में भारत माता की आरती के पश्चात सहभोज पूर्ण बस्ती का रखा गया जिसमें सभी ने अपनी सहभागिता की। मधुकर बस्ती अंतर्गत स्नेह सिटी धर्मनगर में आयोजित सम्मेलन में मंचासीन परम पूज्य साध्वी हेमलता दीदी सरकार, शिखा दीदी वर्मा, नन्दकिशोर नागर प्रांत सहसेवा प्रमुख, स्वस्तिक ठाकुर बस्ती संयोजक थे।

## राहगीरी में दिखेगा खेल, योग, संस्कृति और सिंहस्थ तैयारी का संगम

- महाकुंभ की तैयारी एलईडी के माध्यम से दिखाएंगे
- 25 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी होंगे शामिल
- जीवंत होंगे गुल्ली-डंडा, सितोलिया जैसे पारंपरिक खेल




**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन.** शहर में एक बार फिर सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य चेतना का उत्सव राहगीरी के रूप में देखने को मिलेगा. जिला प्रशासन ,व नगर निगम द्वारा राहगीरी की तैयारियां तेज़ी से शुरू कर दी गई हैं. यह आयोजन पहले 11 जनवरी को किया जाना था जिसे आगे बढाते हुए अब 25 जनवरी को किया जाएगा, इसमें सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यों की झलक भी दिखाई देगी.

आयोजन कालिदास अकादमी चौराहे से कोठी पैलेस तक किया जाएगा, जहां सभी आयु वर्ग के लोग सहभागिता करेंगे. राहगीरी के सफल आयोजन को लेकर मार्ग पर दीवारों की चित्रकला, रंग-रोगन, सौंदर्यीकरण और पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य किया जा रहा है. आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सहभागिता करेंगे. उनके आगमन को लेकर अलग-अलग मंचों के माध्यम से स्वागत की तैयारी की जा रही है.

**प्राचीन खेलों और योग को मिलेगा मंच**-राहगीरी का मुख्य उद्देश्य प्राचीन और लुप्त हो चुके खेलों, योग, प्राणायाम और ध्यान को पुनर्जीवित करना है. आयोजन के दौरान गुल्ली-डंडा, सितोलिया, अंटी जैसे पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जा सके. इसके साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और योग संबंधी गतिविधियां भी संचालित होंगी.

### आनंद उत्सव का स्वरूप

राहगीरी को एक आनंद उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जहां योग, ध्यान और पारंपरिक खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर जोर दिया जाता है . यही कारण है कि मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव हर वर्ष इस आयोजन में सहभागिता करते हैं और स्वयं इस पहल की शुरुआत भी उन्होंने ही की थी . उज्जैन में आयोजित होने वाली यह राहगीरी न केवल स्वास्थ्य और संस्कृति को बढ़ावा देगी, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी कार्य करेगी .

**बच्चों से बुजुर्गों तक की सहभागिता**-इस आयोजन में बच्चे, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में हिस्सा लेते हैं. आधुनिक दौर में मोबाइल, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स में उलझी जीवनशैली से बाहर निकलकर लोग यहां सामूहिक आनंद, खेल और स्वास्थ्य गतिविधियों का अनुभव करते हैं.

### सिंहस्थ की ब्रांडिंग

नवभारत से चर्चा में नितिन शर्मा ने बताया कि राहगीरी में हर वर्ग हर उम्र के लोग आते हैं ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गृह नगर में महाकुंभ का जो आयोजन हो रहा है, उसके विषय में सभी को जानकारी प्राप्त होना चाहिए, यही कारण है कि हमारी टीम जिसमे आशीष शर्मा, दीपक जैन, विशाल चौहान द्वारा सिंहस्थ की तैयारी दिखाने का प्लान किया है, महाकाल की नगरी में महाकुंभ के तहत जो करोड़ अरबो के विकास कार्य, निर्माण कार्य चल रहे हैं उनके संबंध में भी एक झलक पिक्चर के माध्यम से एलईडी पर दिखाई जाएगी .

**तैयारियां अंतिम चरण में**-नवभारत से चर्चा में इवेंट डायरेक्टर कपिल यार्दे देने ने बताया कि 25 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राहगीरी का भव्य आयोजन होगा. इसके लिए होर्डिंग, बैनर और प्रचार-प्रसार सामग्री तैयार कर ली गई है. शहरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में राहगीरी में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.

## अलखधाम नगर बस्ती के हिंदू सम्मेलन में दिखा संस्कार




**उज्जैन। अलखधाम नगर बस्ती द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 11 जनवरी को किया गया। भारतीय संस्कृति, हिंदुत्व, सामाजिक समरसता, गौ-सेवा एवं राष्ट्रभाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण एवं गौ-पूजन के साथ हुआ।**

कार्यक्रम में कथा वाचक सुरेशचंद्र पालीवाल, महानगर गौ सेवा संयोजक ओम जादौन, विद्या भारती से दीर्घकाल से जुड़ी शिक्षाविद् कल्पना शर्मा, हिंदू सम्मेलन जिला समिति सदस्य हेमंत गुप्ता, नगर हिंदू सम्मेलन समिति सदस्य गिरीश जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक रमेश गजरानी, कार्यक्रम सह-संयोजक सुरेश मौढ़ एवं आनंद पंड्या की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का मंच से विधिवत स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मां भारती पूजन एवं दीप प्रज्वलन संपा हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गणेश वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। वहीं बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत लाठी प्रदर्शन ने नारी शक्ति, आत्मविश्वास एवं आत्मरक्षा का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिा क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण कर सम्मान किया गया।

संचालन वर्षा जोशी ने किया। दीपक बेलानी ने बताया कि दो तालाब उद्यान स्थित योग भवन पर आयोजित हिंदू सम्मेलन में वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश चित्तौड़ा, इकबाल सिंह गांधी सहित बड़ी संख्या में नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, सहभागियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक नजर में

### युवा शक्ति के आदर्श स्वामी विवेकानंद के विचारों से हुआ उज्जैन की नई पीढ़ी का बौद्धिक अभिषेक



**उज्जैन।** भारतीय दर्शन के वैश्विक गौरव स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के पुनीत अवसर पर भारत विकास परिषद क्षिप्रा द्वारा एक भव्य और प्रेरणादायी बौद्धिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केवल एक उत्सव मात्र नहीं था। बल्कि नई पीढ़ी के भीतर सुप्त पड़ी सांस्कृतिक चेतना को जाग्रत करने और उन्हें अपनी सनातन जड़ों से जोड़ने का एक वैचारिक महाकुंभ सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। वंदे मातरम गीत के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में महिला प्रमुख सविता पटेल ने संपूर्ण राष्ट्रगीत का सस्वर और ओजपूर्ण गान किया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंगों में सराबोर हो गया। परिषद के अध्यक्ष मुकेश लखवानी ने अपने प्रखर उद्बोधन में विद्यार्थियों का आव्हान करते हुए कहा कि विवेकानंद का जीवन दर्शन ही वह प्रकाश स्तंभ है, जो आधुनिकता की दौड़ में भटकते युवाओं को सही दिशा दे सकता है। ओम प्रकाश गुप्ता एवं शाखा पालक राजेश पंड्या ने भी विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों से लड़ने और चरित्र निर्माण के लिए जरूरी संदेश देकर उनका मार्गदर्शन किया।

### क्षत्रिय खंगार समाज की बैठक



**उज्जैन।** क्षत्रिय खंगार समाज उज्जैन की बैठक रविवार 11 जनवरी को पंवासा, मक्सी रोड, उज्जैन स्थित समाज की धर्मशाला मैत्रीकुंज पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता इंदौर इकाई के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ श्यामसिंह धनोतिया ने की। अमित परिहार के अनुसार बैठक में समाजजनों ने सर्वसम्मति से समाज को गति, नवीन दिशा देने हेतु वर्तमान अध्यक्ष व कार्यकारिणी के निष्क्रिय होने से कार्यकारिणी भंग कर राजू ठाकुर को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना। ठाकुर शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी गठित कर समाज की गतिविधियों को गति प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि राजू ठाकुर समाज की प्रदेश युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके है। बैठक की रूपरेखा समाज के युवा एवं भाजपा विक्रमादित्य मंडल उज्जैन के अध्यक्ष विक्रम ठाकुर ने प्रस्तुत की। बैठक का संचालन वीडी ठाकुर इंदौर एवं लक्ष्मण परिहार ने किया। आभार डॉ.विजयसिंह तोमर इंदौर समाज अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सीआर पंवार, विजय ठाकुर, ओमप्रकाश परिहार, शिव परिहार, करणसिंह परिहार, हरिसिंह कुंडलवाल, चंदन ठाकुर, शुभम परिहार, राजेश बिसोरे, नारायण वर्मा, अजय साहनी, संजीव कुमार परिहार आदि सहित सैकड़ा से अधिक समाजजन उपस्थित रहे।

### विश्व युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार

**घट्टिया।** विश्व युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को सांदीपनी शासकीय विद्यालय एवं शासकीय मॉडल स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार मॉडल स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच यशवंत मालवीय ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की । सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य सुनील नामदेव एवं मॉडल स्कूल के प्राचार्य अनिल केन ने अतिथियों का स्वागत किया। शिक्षक डॉ . रामलखन पटेल ने स्वामी जी के जीवन पर व्याख्यान देते हुए उनके जीवन का अनुसरण करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सेवानिवृत शिक्षक घनश्याम शर्मा एवं गजराज सिंह मकवाना ने सूर्य नमस्कार की क्रियाएं करवाईं।

## फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी को प्रदान किया 26वां अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मान




**उज्जैन। चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव के अंतिम दिन कालिदास अकादमी परिसर में अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन अपने 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव के संस्थापक एवं संयोजक डॉ. महेन्द्र यादव के नेतृत्व में कालिदास संस्कृत अकादमी में आयोजित इस महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन कला, साहित्य एवं संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम संपन्न हुए।**

11 जनवरी, विश्व हास्य दिवस के अवसर पर सायं 7 बजे कालिदास अकादमी के मुक्ताकाशी मंच पर अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डॉ. महेन्द्र यादव द्वारा प्रस्तुत ठहाका अदालत दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जहां आमंत्रित अतिथियों को हास्यपूर्ण कटघरे में खड़ा कर व्यंग्यात्मक मुकदमा चलाया गया। चुटीले संवादों और हास्य-व्यंग्य से दर्शक देर तक ठहाके लगाते रहे।

कवि अशोक भाटी ने अपने प्रसिद्ध कानगवालिया गीत के माध्यम से अतिथियों का हास्यात्मक परिचय कराया, जिसे श्रोताओं ने भरपूर तालियों से सराहा। संचालन कवि दिनेश दिग्गज ने किया, जिनका साथ सुरेन्द्र सर्किट ने दिया। युवा कवि कुमार संभव, राहुल शर्मा एवं शबनम अली ने भी अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को ऊंचाई दी। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन से जुड़े। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी को अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मान एवं स्व. भंवरलाल जी मालवीय स्मृति पुरस्कार, कॉमेडियन रजत सूद को स्व. मोहिनीदेवी बेलानी पुरस्कार, प्रख्यात शायर मंजर भोपाली को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह जी पुरस्कार, कवयित्री नमिता नमन को स्व. गणपतलाल जी शर्मा स्मृति पुरस्कार, कवि संजय सिंह को स्व. हरिवल्लभ जी बंसल पुरस्कार, हास्य कवि धीरज शर्मा को स्व. श्यामलाल जी प्रजापति स्मृति पुरस्कार, कवयित्री विभा शुक्ला को स्व. आशा जी मालवीय पुरस्कार, बाल कवि वेद पस्तोर को स्व. गुलाब सिंह जी भदौरिया स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी रहे, जिन्होंने अपने जीवन से जुड़े रोचक किस्सों, बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और सहज हास्य से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति कलावती यादव उपस्थित रहीं। प्रमुख अतिथियों में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, राजेन्द्र भारती, संजय अग्रवाल, मुकेश भाटी, रवि राय, राजेश कुशवाह, रवि सोलंकी, राजहुजूर सिंह गौर एवं प्रेम सिंह यादव शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने में हरिसिंह यादव, रितिक यादव, राजेंद्र शाह, विजय तिवारी, आशीष खंडेलवाल, राहुल प्रजापति, रोहित चौहान एवं जितेन्द्र जोशी की विशेष भूमिका रही।

## युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष शताब्दी में जन्म लेते हैं : राइन

- स्वामी विवेकानंद अवार्ड से उज्जैन की तीन प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**उज्जैन। युग पुरुष स्वामी विवेकानंदजी की 162वीं जयंती पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी उज्जैन द्वारा महाकाल मार्ग स्थित आश्रम में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि इस मौके पर आश्रम वासीयो को दूध, ब्रेड, फल का वितरण भी किया गया। अतिथि उद्बोधन में इरफान राइन ने युग पुरुष का स्मरण करते हुए कहा स्वामी विवेकानंद जी जैसे महापुरुष शताब्दी में एक बार जन्म लेते हैं। आपका पूरा जीवन युवाओं के लिए आदर्श रहा। आपने भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया। युवा नेता बाबर खान ने भी स्वामी जी का स्मरण करते हुए कहा हमें स्वामीजी के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए एडवोकेट दादा रामचंद्र सोल्पंखी ने अपने उद्बोधन में कहा स्वामी जी ने युवावस्था से ही देश और समाज को जागृत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उप संयोजक सैयद उस्मान हसन एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया इस वर्ष के स्वामी विवेकानंद अवार्ड शहर की तीन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षाविद सादिक मंसूरी, 50 वर्षों से हाजियों की सेवा करने वाले हाजी इकबाल हुसैन एवं बिना दहेज के विवाह करने वाले युवा सद्दाम हुसैन को स्वामी विवेकानंद अवार्ड से सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत विनीत सोल्पंखी, शाकिर शेख, अनुदीप गंगवार, शरीफ खान, नासिर मंसूरी, जाहिद नूर एडवोकेट ने किया।



## जैन यूनिटी फोरम के शपथ विधि समारोह में दो ग्रुपों ने ली शपथ

**उज्जैन। जैन यूनिटी फोरम संस्थापक अध्यक्ष मनोज सुराणा के मार्गदर्शन में जैन यूनिटी फोरम के दो ग्रुपों का शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया।**

जैन यूनिटी फोरम अरिहंत उज्जैन जैन यूनिटी फोरम मुस्कान की शपथ समस्त जैन समाज उज्जैन के वरिष्ठ समाज प्रमुख के द्वारा, जेयूएफ उज्जैन की शपथ विधि संतोष के साथ हुई। अरिहंत संस्थापक अध्यक्ष धर्मेंद्र साधना जैन, नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष तारा सालेचा, सचिव संजय नीलू गिरिया, उपाध्यक्ष रितेश रितिका काठेड़, सह सचिव शीतल नवीन कोठारी, कोषाध्यक्ष अमित शिखा बाठिया, पीआरओ, लोकेश हिना सालेचा ने ली। जेयूएफ उज्जैन मुस्कान की शपथ संस्थापक अध्यक्ष मनोज अंजू सुराणा, अध्यक्ष संतोष चंदन कोठारी, सचिव अनिल तारा जैन, उपाध्यक्ष अल्पेश अर्पिता दुग्गड, सह सचिव अंकित अमीषा जैन, कोषाध्यक्ष निधि अरिहंत जैन, पीआरओ जया नितेश नाहटा ने शपथ ली। कार्यकारिणी में प्रदीप नीलम नाहर, जितेंद्र ज्योति सालेचा, पीयूष चोरड़िया ने शपथ ली। मुख्य अतिथि अनिल जैन कालूहेड़ा विधायक, अभय मेहता, संजय नाहर, अशोक कोठारी, संजय खली वाले, मदन लाल रूनवाल, प्रदीप गादिया, डॉ. संजीव जैन, सौरभ जैन उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में ग्रुप की प्रतिभा सिद्धि सालेचा, कुशिका जैन, तन्वी गोलेछा द्वारा अद्वितीय प्रस्तुतियां दीं।

## एक नजर

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को समर्पित व्याख्यान



**उज्जैन। स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), रेड रिबन एवं रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि युवाओं में आत्मविश्वास, चरित्र और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना ही सच्चे अर्थों में युवा दिवस मनाना है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको से जोड़ने की महिती आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. पूजा उपाध्याय ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी के उज्जैन इकाई के प्रमुख मनीष खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने विवेकानंद विचारधारा को युवाओं के जीवन से जोड़ते हुए कहा कि आज का युवा यदि आत्मचिंतन और सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाए, तो राष्ट्र स्वत: सशक्त बनेगा।

कार्यक्रम में डॉ रंजना व्यास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. आभा दीक्षित, रेड रिबन प्रभारी डॉ. कला मौर्य तथा राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। रेड क्रॉस एवं एनएसएस के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम ईशा कश्यप द्वितीय किरण पटेल तृतीय शिवानी कुशवाहा विशेष पुरस्कार दिव्यांशी बजाज एवं युक्ता रावल को प्रदान किया गया। साथ ही संपूर्ण वर्ष में आयोजित विभिा गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा युक्ता रावल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. दिव्या वर्मा ने किया।